भीलवाड़ा के पुर-बलियां खेड़ा में भूमाफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर ग्रामीण की हत्या की

जघन्य घटना के बाद से ग्रामीणों में प्रशासन और पुलिस के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है

- ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने कथित तौर पर मिलीभगत कर ट्रैक्टर और चालक को वहां से भगा दिया और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की
- ग्रामीणों का कहना है कि भूमाफियाओं द्वारा यह धमकियां दी जा रही हैं कि ''आज एक को मारा है, अब हर घर से एक-एक सदस्य को मारेंगे''

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के पुर-बलियां खेड़ा गांव में भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्होंने एक ग्रामीण को ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस जघन्य घटना के बाद से ग्रामीणों में प्रशासन और पुलिस के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

जिला कलैक्टर को दिए गए ज्ञापन और ग्रामीणों की रिपोर्ट के अनुसार, पुर-बलियां खेड़ा के समस्त ग्रामीणों ने गत गत 5 अक्टूबर को भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और न ही कोई संज्ञान लिया गया, जिसके चलते भूमाफियाओं के हौसले और अधिक बढ़ गए। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे भी भूमाफियाओं के एक ट्रैक्टर ने उनके ही गांव के एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कथित तौर पर मिलीभगत कर ट्रैक्टर और चालक को वहां से भगा दिया और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।

ग्रामीणों का कहना है कि भूमाफियाओं द्वारा लगातार यह धमकियां दी जा रही हैं कि ''आज एक को मारा है, अब हर घर से एक-एक सदस्य को मारेंगे।'' इस घटना से डरे और सहमे ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन सिर्फ अपराधियों के लिए ही बना है और आम जनता की सुरक्षा के लिए इनका कोई कर्तव्य नहीं है?

घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक भूमाफियाओं और ट्रैक्टर चालकों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तथा मृतक के परिवार को उचित सहायता राशि नहीं मिलती, तब तक वे शव का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे और न ही मृतक की बॉडी को लेकर जाएंगे। ग्रामीणों ने आज हुई इस पूरी घटना के लिए सीधे तौर पर प्रशासन की निष्क्रियता को जिम्मेदार ठहराया है।

अलवर में पटाखा कारोबारी के तीन ठिकानों पर जीएसटी की रेड

स्टेट जीएसटी की टीम ने स्टॉक और खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड खंगाले

- तिलक मार्केट की दुकान, स्कीम नंबर-3 स्थित आवास और एमआईए के गोदाम पर एक साथ कार्रवाई की गई
- जीएसटी विभाग को संबंधित कारोबारी के यहां बड़ी मात्रा में पटाखों के भंडारण की सूचना मिल रही थी, वहीं बिना बिल के पटाखों की बिक्री की आशंका भी जताई थी
- संबंधित कारोबारी का नाम अलवर के बड़े पटाखा कारोबारियों में शामिल है और उसका सालाना टर्नओवर करोड़ों रुपये का बताया जा रहा है

अलवर, (निसं)। दीपावली के बीच अलवर में बुधवार को स्टेट जीएसटी की टीम ने एक बड़े पटाखा कारोबारी के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। करीब एक दर्जन अधिकारियों की टीम ने तिलक मार्केट स्थित रिटेल काउंटर, स्कीम नंबर-3 स्थित आवास और एमआईए इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदाम पर पहुंचकर जांच शुरू की। अचानक हुई कार्रवाई से पटाखा कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग को पिछले कुछ दिनों से संबंधित कारोबारी के यहां बड़ी मात्रा में पटाखों के भंडारण की सूचना मिल रही थी। साथ ही बिना बिल के पटाखों की बिक्री की आशंका भी जताई गई थी। इन सूचनाओं के आधार पर स्टेट जीएसटी अलवर की टीम ने तीनों ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकान, आवास और गोदाम में उपलब्ध पटाखों के स्टॉक तथा खरीद-बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड की जांच शुरू की। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि कारोबार के दौरान पटाखों की बिक्री के बिल जारी किए जा रहे थे या नहीं। इसके अलावा स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान कर संभावित जीएसटी अनियमितताओं की पड़ताल की जा रही है।

जीएसटी की कार्रवाई की सूचना फैलते ही शहर के अन्य पटाखा कारोबारियों में भी हलचल मच गई। सूत्रों के अनुसार, कुछ कारोबारी अपनी दुकानें बंद कर वहां से चले गए। हालांकि, इस संबंध में स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित कारोबारी का नाम अलवर के बड़े पटाखा कारोबारियों में शामिल है और उसका सालाना टर्नओवर करोड़ों रुपये का बताया जा रहा है। अधिकारियों को दौसा जिले के बांदीकुई में भी पटाखों के बड़े गोदाम के संबंध में जानकारी मिली है। अलवर और बांदीकुई में पटाखों के भंडारण तथा बिक्री से जुड़ी सूचनाओं की जांच की जा रही है। फिलहाल जीएसटी विभाग की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने और विभाग की आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही कर संबंधी संभावित अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

'सरकार बदलने दो मैं राजीव दत्ता की हालत बिगाड़ दूंगा'

कोटा के कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल का बयान सोशल मीडिया पर छाया

- गुंजल ने कहा कि, ''चाहे मेरे खिलाफ रोज मुकदमें दर्ज हों, लेकिन मैं अपने बयान से पीछे नहीं हटूंगा।''
- उन्होंने बयान में कहा, ''कोटा में ऐसा हाल है कि, राजीव दत्ता जो बोले, वही फरियादी है और वही मुजरिम है। इनका 2 साल का राज है उसके बाद 5 साल का सफर तय करने में इनकी जान निकल जाएगी। राज बदलने पर ''टिट-फॉर-टैट'' होगा।''

-कार्यालय संवाददाता-

कोटा। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सिंबल पर सांसद का चुनाव वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल इन दिनों लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहायक राजीव दत्ता के खिलाफ खासा आक्रामक है। हाल ही में उन्होंने राजीव दत्ता के खिलाफ बयान दिया था कि '''सरकार बदलने दो, मैं राजीव दत्ता की हालत बिगाड़ दूंगा।... वह बंद कमरे में यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि आत्महत्या कर ले या फिर बंदूक उठाकर किसी को मार दें। इन लोगों ने बहुत पाप किए हैं और जनता को काफी तंग किया है, जिससे पूरे शहर में डर और आतंक का माहौल है। आजकल सामान्य सोशल मीडिया पोस्ट लिखने पर भी लोगों को जेल की हवा खिलाई जा रही है और उनकी स्वतंत्रता छीन ली गई है।''

ज्ञात रहे कि प्रहलाद गुंजल का यह बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस बयान के बाद उनके खिलाफ राजकार्य में बाधा और आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ था, परंतु अब प्रहलाद गुंजल ने अपनी बात को दोहराते हुए पुन: स्पष्ट किया है कि, उन पर भले ही रोज एक मुकदमा लगे, लेकिन वह किसी से डरने वाले नहीं है।

वायरल बयान में गुंजल कह रहे हैं कि, ''अफसरों और रसूखदारों के बीच चमचागिरी का दौर चल रहा है, जहां लोग गुरु पूर्णिमा पर साधारण थानेदारों के पैरों में गिर रहे हैं। एक सरकारी कर्मचारी, जो संविदा पर है, उसने अपनी मर्यादा ताक पर रख रखी है। मालिक की आड़ में शहर में भय का माहौल बना रखा है, नौकरशाहों ने भी भय का माहौल बना रखा है। राजीव दत्ता के खिलाफ एक पोस्ट तो सोशल मीडिया पर डालिए, पुलिस उठा कर ले जाएगी। राजीव दत्ता जो बोले, वही फरियादी है और वही मुजरिम है। हमारे साथ रोज छेड़छाड़ कर रहे हैं, 2 साल का राज है उसके बाद 5 साल का सफर तय करने में इनकी जान निकल जाएगी। राज बदलने पर ''टिट-फॉर-टैट'' होगा। इन्होंने पंचायत चुनाव में ट्रेलर बना रखा है, धमका रहे हैं यह क्या राजवाड़े हैं, जो इनकी मर्जी से प्रजा का जीवन चलेगा। सरकार भय का कारण नहीं होती, यह लोकतंत्र है, जनता की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। यह अपना काला चेहरा छुपाने के लिए गुंडागर्दी स्थापित करके अथाह संपत्ति बनाने के लिए भय का माहौल बना रहे हैं, लोग सब जानते हैं लेकिन उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहे है। मैं तो इनके खिलाफ बोलूंगा, भले ही रोज एक मुकदमा दर्ज हो।''

सीकर में सूर्य मंदिर से 125 साल पुरानी दो मूर्तियां चोरी

सीकर, (निसं)। सीकर के बजाज रोड पर स्थित सूर्य मंदिर में मंगलवार देर रात को चारी हो गई। चोर मंदिर से 125 साल पुरानी दो मूर्तियां और एक छत्र चुरा ले गए। पुजारी बुधवार सुबह जब मंदिर में पूजा करने के लिए आए तो उन्हें चोरी का पता चला। मूर्तियां करीब 125 साल पुरानी थी। वहीं मंदिर से करीब 250 मीटर की दूरी पर ही कोतवाली पुलिस थाना है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

मंदिर के पास रहने वाले हितेश ने बताया कि बजाज रोड पर स्थित सूर्य मंदिर शहर का इकलौता सूर्य मंदिर है। जहां से चोर 125 साल पुरानी सूर्य भगवान की 2 मूर्तियां और छत्र चोरी करके ले गए। रात को पुजारी मंदिर बंद करके गए थे। सुबह जब पूजा करने के लिए आए तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले। घटना के बाद अब पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की है। सूर्य मंदिर से करीब 250 मीटर की दूरी पर ही कोतवाली पुलिस थाना है। सूर्य मंदिर के पास ही बजाज रोड है, जहां रात के समय पुलिस गश्त रहती है और वाहनों की आवाजाही भी काफी होती है। इसके बावजूद चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पारिवारिक झगड़े में आठ माह की बच्ची की मौत

हिण्डौन सिटी, (निसं)। नई मंडी थाना क्षेत्र के खेड़े का पुरा में पारिवारिक झगड़े के दौरान 8 माह की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के पिता रामदेव ने दूसरे पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए नई मंडी थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नई मंडी थाने के सब-इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2 बजे जिला अस्पताल से सूचना मिली कि झगड़े में घायल 8 माह की बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मेडिकल बोर्ड से बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। मेडिकल बोर्ड में शामिल मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. रामनरेश कुंभकार के अनुसार, बच्ची के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शुरुआती तौर पर माना गया कि झगड़े के दौरान नीचे गिरने से उसके सिर में चोट लगी होगी।

अजमेर में 540 लीटर तेल और 79 किलो घी जब्त

पीसांगन में तेल के नमूने लेकर सामग्री सीज की

अजमेर, (निसं)। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिले में ''शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान'' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को पीसांगन में कार्रवाई करते हुए 540 लीटर तेल और 79 किलोग्राम घी सीज किया गया। वहीं खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक आयुक्त अविचल चतुर्वेदी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान कनक तेल घानी उद्योग से मूंगफली और तिल के तेल के नमूने लिए गए।

मौके पर 405 लीटर मूंगफली का तेल और 135 लीटर तिल का तेल आगामी आदेशों तक सीज किया गया। इसी क्रम में आकाश जनरल स्टोर से किसना ब्रांड और कार्तिक पुराण ब्रांड के मूंगफली तेल के नमूने लिए गए। यहां मौके पर 79 किलोग्राम घी भी सीज किया गया। विभाग की ओर से लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

बताया गया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता से संबंधित कमियां मिलने पर कारोबारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल, आनंद चौधरी, अशोक मीणा और आरती वर्मा शामिल रहे।

बूंदी में पंचायत समिति तालेड़ा का संविदाकर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

बूंदी, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की इंटेलिजेंस विंग की टीम ने परिवादी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिला बूंदी की पंचायत समिति तालेड़ा में पदस्थापित जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (संविदाकर्मी) आरोपी भानूप्रताप सिंह को 70 हजार की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिलों के भुगतान पास करने की एवज में ठेकेदार से रिश्वत की मांग की थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की आसूचना इकाई, कोटा को शिकायत प्राप्त हुई कि परिवादी द्वारा करवाए गए कार्यों के बिलों के भुगतान संबंधी कार्य की एवज में आरोपी भानूप्रताप सिंह द्वारा 70 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर उसे परेशान किया जा रहा है।



रिश्वत का आरोपी

- बिलों के भुगतान करने की एवज में 70 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी

शिकायत के बाद एसीबी ने रिश्वत मांग का सत्यापन कराया जिसमें संविदा पर लगे जेईईएन द्वारा परिवादी से 70 हजार की रिश्वत मांगना पाया गया। जिस पर एसीबी के उपमहानिरीक्षक ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में एसीबी की आसूचना इकाई की पुलिस उप अधीक्षक चन्द्रकंवर के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी को परिवादी से 70,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस एस.परमिला के पर्यवेक्षण में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।

भरतपुर के जिला प्रमुख पद पर बाहरी लोगों की नजर : विश्वेंद्र सिंह

पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से आरोप लगाकर सियासी हलचल तेज की

- पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसे लोगों ने तत्काल में अपना नाम भरतपुर की वोटर लिस्ट में जुड़वाया है

भरतपुर, (निसं)। जिला परिषद चुनाव को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से आरोप लगाकर सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर कहा है कि भरतपुर के जिला प्रमुख पद पर बाहरी लोगों की नजर है और वे पैसे के दम पर इस पद को हथियाना चाहते हैं।

विश्वेंद्र सिंह ने लिखा कि बड़ी चिंताजनक जानकारी सामने आ रही है कि कुछ बाहरी लोग भाजपा का टिकट लेकर भरतपुर का जिला प्रमुख बनने का ख्वाब देख रहे हैं। ये लोग पैसे के नशे में चूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोगों ने तत्काल में अपना नाम भरतपुर की वोटर लिस्ट में जुड़वाया है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कई लोगों के नाम दो-दो जगह वोटर लिस्ट में शामिल हैं, जो कि सरासर नियमों के विरुद्ध और लोकतंत्र के साथ धोखा है। विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे फर्जी बाहरी लोगों का जल्द ही सबूतों के साथ खुलासा किया जाएगा।

उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे फर्जी मतदाताओं की तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भरतपुर के हक पर बाहर से आकर डाका डालने वालों को भरतपुर की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विश्वेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भरतपुर जिला प्रमुख का फैसला सिर्फ भरतपुर की जनता करेगी, कोई बाहरी व्यक्ति पैसों के दम पर नहीं।

ईसरदा प्रोजेक्ट से दौसा और सवाईमाधोपुर जिले में पेयजल समस्या का समाधान जल्द

जयपुर। दौसा और सवाई माधोपुर जिले के समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधा पानी की कमी रही है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान 2047 का संकल्प पूरा करने में जल का महत्व समझते हुए इन दो जिलों के साथ ही सम्पूर्ण राज्य में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए संशोधित पार्वती कालीसिंध चम्बल लिंक परियोजना, किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना, यमुना जल समझौते, देवास के अगले चरणों आदि के माध्यम से बड़े कदम उठाए। बरसों से लम्बित अन्तर्राज्यीय विवादों का समाधान किया और घोषणाओं के समय ही पूरे बजट का इंतजाम भी किया जिससे घोषणाएं डेडलाइन पर नहीं, उससे पहले ही धरातल पर विकास की गंगा ला सके।

- 91000 करोड़ रूपये लागत की संशोधित पार्वती कालीसिंध चम्बल लिंक परियोजना में 23312 करोड़ रूपये के 7 पेयजल कार्य प्रगति पर

डबल इंजन सरकार 91000 करोड़ रूपये की संशोधित पार्वती कालीसिंध चम्बल लिंक परियोजना से इन दोनों जिलों के साथ ही पूरे पूर्वी राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने जा रही है। इससे खेती, उद्योग के साथ ही पेयजल के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। इस बजट में से 23312 करोड़ रूपये के 7 पेयजल कार्य प्रगति पर हैं। ईसरदा बांध के पानी को उपचारित कर गांवों और कस्बों तक पहुंचाने वाली ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना अब महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गई है। करीब 3,588 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से 1,256 गांवों और 6 कस्बों को पेयजल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत 225 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट तैयार किया जा रहा है। अभी प्लांट की टेस्टिंग और कमिशनिंग का कार्य चल रहा है। ईसरदा बांध स्थित इंटेक वेल से पानी फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जा चुका है।



दौसा और सवाईमाधोपुर जिले में कई जगह पर कार्य प्रगति पर है।

परियोजना के प्रथम पैकेज में ईसरदा इंटेक वेल से महुआ तक 341 किलोमीटर मुख्य ट्रांसमिशन प्रस्तावित पाइपलाइन में से 299 किलोमीटर बिछाई जा चुकी है। ईसरदा और बगड़ी में स्वच्छ जलाशयों तथा फिल्टर प्लांट का निर्माण भी पूरा हो चुका है। ईसरदा बांध पर इंटेक वेल एवं पंप हाउस भवन निर्माण भी पूरा हो चुका है।

लालसोट क्लस्टर में 302 गांवों और लालसोट शहर को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। यहां 124.7 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है तथा 11 उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दौसा क्लस्टर में 248 गांवों एवं दौसा शहर को नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1,709 किलोमीटर पाइपलाइन प्रस्तावित है। इसमें से 154 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। 52 उच्च जलाशयों में से 11 तथा 9 स्वच्छ जलाशयों में से 2 का निर्माण चल रहा है। बसवा क्लस्टर में 368 गांवों और बांदीकुई शहर को लाभ मिलेगा। यहां प्रस्तावित 2,077 किलोमीटर पाइपलाइन में से 1,801 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है। इस पैकेज पर अब तक 217.17 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। इसी प्रकार महुआ क्लस्टर में प्रस्तावित 315 किलोमीटर पाइपलाइन में से 244 किलोमीटर बिछाई जा चुकी है और इस कार्य पर 60.74 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। परियोजना का विस्तार सवाई माधोपुर जिले तक भी किया जा रहा है।

छठे पैकेज में बौंली तहसील के 99, मलारना डूंगर के 61 तथा चौथ का बरवाड़ा के 17 गांवों सहित कुल 177 गांवों को पेयजल सुविधा से लाभान्वित किया जाना है। इसके लिए 260.62 करोड़ रुपये का कार्यादेश जारी हो चुका है। परियोजना के शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ गति दी जा रही है। नवंबर तक शहरी क्षेत्रों को मुख्य पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का प्रस्तावित लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही जिन ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक जल संरचनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, वहां चरणबद्ध रूप से पेयजल नेटवर्क से कनेक्शन जोड़कर जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

रिश्तेदार ने बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दी

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित रामनगर में रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी को उठाकर ले जाने की और दो करोड़ फिरौती मांगने का मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाने में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रकरण में तफ्तीश आरंभ की है।

- धमकी देने और दो करोड़ की फिरौती मांगने का मामला दर्ज कराया

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार रामनगर में रहने वाले एक व्यक्ति की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। उसकी बेटी फिलहाल घर पर है। उसके गिनायत अथवा रिश्तेदार पवन, गणेश और पीयूष आदि मिलकर बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी कॉल कर उससे दो करोड़ की फिरौती मांग रहे हैं। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात को पीड़ित थाने पहुंचा और केस दर्ज कराया है। आरंभिक पड़ताल में बताया कि इनके बीच पारिवारिक विवाद है, जिसके चलते फोन कॉल कर धमकाया जा रहा है।

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड अजमेर

राजकाज क्रमांक :- 25195548 दिनांक :- 26/10/2026

बिड आमंत्रण सूचना संख्या 10/2026-27 (NIB No. AGM2627A0176)

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड अजमेर, जयपुर प्रथम, जयपुर द्वितीय एवं सीकर के अन्तर्गत सा.न्या. एवं अधिकारिता विभाग, राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं कृ.उ.म.स. के जिला अजमेर, ब्यावर, डिडवाना-कुचामन, नागौर, जयपुर, कोटपुतली-बहरोड, झुन्झुनूं एवं सीकर में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं sppp.raj.nic.in (UBN No. AGM2627WSOB00963 to 982) पर भी दिनांक 06.11.2026 से देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/26/12570 अधिशाषी अभियंता

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल रोड, त्रिशिला गार्डन, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 25205844 दिनांक :- 26/10/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 32/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों अनुमानित लागत राशि 244.57 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1 – 2) दिनांक 05.11.2026 एवं क्रम संख्या (3 – 4) दिनांक 02.11.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. : AJD2627SLOB00168, AJD2627WSOB00167, 00169
AJD2627WSRC00170

राज.संवाद/सी/26/12569 अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् बांसवाडा (राज.)

फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714 Email Id :palika.bsw@gmail.com

क्रमांक : एफ 5( )निर्माण/न.प.बा./2026-2027/6715 दिनांक : 23.10.2026

निविदा सूचना स. 18/2025-26

(NIB NO. DLB2627A9146)

सक्षम स्तर पर पंजीकृत संवेदक से कुल 02 निर्माण कार्य जिसकी कुल लागत 33.00 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा डाउनलोड की अवधि दिनांक 26/10/2026 प्रातः 9 बजे एवं दिनांक 04/11/2026 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित अन्य शर्तें एवं विवरण पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajsthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2627SLOB23156, DLB2627GLOB23158

राज.संवाद/सी/26/12596 आयुक्त, नगर परिषद्, बाँसवाड़ा

कार्यालय नगरपालिका मण्डल सांभर लेक, जिला-जयपुर

क्रमांक/न.पा.सां./निर्माण शाखा/2026-27/2034 दिनांक:-22.10.2026

ई-बोली सूचना (16/2026-27)

नगर पालिका सांभरलेक द्वारा जारी निविदा सूचना में उपयुक्त श्रेणी के संवेदको एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभाग के संबंधित श्रेणी ''A''AA'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code:- DLB2627WSOB22972, DLB2627WSOB22973, DLB2627WSOB22977, DLB2627WSOB22978, DLB2627WSOB22979

अध्यक्ष, नगर पालिका मण्डल सांभर लेक। अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल सांभर लेक।

राज.संवाद/सी/26/12592

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-प्रथम सवाई माधोपुर

क्रमांकः 1301-1456 दिनांकः 09.10.2026

ई-निविदा सूचना संख्या : 16/2026-27 खण्ड-प्रथम सवाई माधोपुर

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड कार्यालय के अधीन उपखण्डो में वार्षिक दर अनुबंध के आधार पर सड़क मरम्मत कार्य एवं सडकों पर सेफ्टी कार्य निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. :-
1. PWD2627WSOB15030
2. PWD2627WSOB15031

DIPR/C/18037/2026

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड-प्रथम, सवाई माधोपुर